तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 रसोईया हड़ताल के कारण मध्यान्ह भोजन ...





11 नवाचार और उत्साह से गूंजा बीजापुर




## खबर संक्षेप



### मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने हुई चर्चा

**दरभा।** ब्लॉक मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनपद पंचायत दरभा मानकदई की अध्यक्षता में एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पीडी हरीश के मौजूदगी में विकासखंड के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के जीवन दीप कार्यकारिणी सभा की बैठक रखी गई। इस बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने वित्तीय वर्ष के आय व्यय की समीक्षा, नए अस्पताल भवन की मांग, मरीजो को बेहतर सुविधाएं देने और अस्पताल मे केंटीन व अन्य संसाधनों के टेंडर पर चर्चा की गई। इसमें सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही उनके आय व्यय और नवीन आवश्यक कार्यों की समीक्षा हुई। विभिन्न कार्यों पर सहमति प्रदान की गई। उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने कहा की शासन के मापदंड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। बैठक में मौजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों ने स्टाफ क्वार्टर की मांग की। पीएचसी नेगानार, कोलेंग, डिलमिली, पखनार के प्रभारी ने अपने सेक्टर उपस्वास्थ्य केंद्र के क्षेत्रों के लिए नई एम्बुलेंस की मांग की। जनप्रतिनिधियों ने सकारात्मक जवाब देते हुए मांग उच्च स्तर तक पहुंचाने में सहयोग की बात कही।

### 7 दिन की नोटिस के साथ डोर-टू-डोर अभियान तेज

# अवैध नल कनेक्शन और जलकर बकायेदारों पर निगम की सख्ती,15 कनेक्शन काटे





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम ने अवैध नल कनेक्शन धारकों और जलकर बकायेदारों के विरुद्ध विशेष अभियान शुरू कर दिया है। पूर्व सूचना के आधार पर 17 फरवरी से निगम के पीएचई विभाग की 10 सदस्यीय टीम ने डोर-टू-डोर जांच अभियान प्रारंभ किया। टीम घर-घर पहुंचकर नल कनेक्शन धारकों से संपर्क कर रही है। बकाया जलकर जमा करने तथा अवैध कनेक्शन को वैध कराने के निर्देश दे रही है। दो दिन की कार्रवाई में 50 अवैध नल धारकों को 7 दिवस का नोटिस जारी किया गया। इनमें से 8 उपभोक्ताओं ने निर्धारित शुल्क जमा कर कनेक्शन वैध करा लिया, जबकि 15 अवैध नल कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए। अभियान के दौरान अब तक 2 लाख 50 हजार रुपये की वसूली की जा चुकी है। निगम ने स्पष्ट किया है कि अभियान 31 मार्च तक चलेगा और इसके बाद अवैध कनेक्शन तथा बकाया जलकर पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने बताया कि यह कार्रवाई मान महापौर संजय पांडे के निर्देश पर की जा रही है।

- 2.50 लाख की वसूली, 8 कनेक्शन हुए वैध

#### राजस्व वृद्धि व व्यवस्था सुव्यवस्थित करने अभियान

नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा यह विशेष अभियान राजस्व वृद्धि और जल आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। डोर-टू-डोर संपर्क के माध्यम से उपभोक्ताओं को पहले समझाइश दी जा रही है, तत्पश्चात नोटिस जारी कर वैधता का अवसर प्रदान किया जा रहा है। निर्धारित अवधि में शुल्क जमा करने वालों को राहत दी जा रही है, जबकि अनदेखी करने पर कनेक्शन विच्छेदन और अतिरिक्त दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है। निगम प्रशासन ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे 31 मार्च से पहले बकाया राशि जमा कर संभावित दंड से बचें और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

## महामंडलेश्वर का यजमान के घर पुष्प वर्षा से स्वागत...



**जगदलपुर।** निरंजन पीठाधिश्वर 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी का यजमान पुलक भट्टाचार्य के लालबाग स्थित निवास पहुंचने पर पुष्प वर्षा से आत्मीय स्वागत किया गया। उनके साथ वनमंत्री केदार कश्यप तथा हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी रहे। स्वामी जी का आर्शीवाद लेने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, कांग्रेस नेता उमाशंकर शुक्ला समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

# 2.37 लाख बकाया के लिए 33 उपभोक्ताओं की कटी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विद्युत कंपनी ने बकाया की वसूली के लिए डिस्कनेक्शन अभियान को तेज कर दिया है। इसमें शहर के जगदलपुर जोन में 5 टीमें गठित की गई, जो बकायादारों के घरों में पहुंचकर बकाया की वसूली कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिन उपभोक्ताओं घर एवं प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है, उनका बकाया होने पर रायपुर से सीधे बिजली कनेक्शन काटा जा रहा। इसमें हर दिन लगभग 150 बकायादारों की कनेक्शन काटा जा रहा है। हालांकि डिस्कनेक्शन अभियान पर जगदलपुर जोन में दो लाख 37 हजार 150 रुपए बकाया के लिए 33 उपभोक्ताओं की लाइन काटी और 185 उपभोक्ताओं से 17 लाख 25 हजार 807 रूपए वसूल किया गया। वर्तमान में 8580 उपभोक्ताओं पर लगभग एक करोड़ 22 लाख 10 हजार 395 रूपए का बकाया है।

- डिस्कनेक्शन अभियान में 185 बकायादारों से 17 .26 लाख वसूला



#### बकाया वसूली में जुटी टीम

जगदलपुर जोन के सहायक अभियंता विकास कुंजाम ने बताया कि डिस्कनेक्शन अभियान के लिए 5 टीमें गठित की गई है, बकाया वसूली में जुटे हुए हैं। मार्च के चलते अभियान को तेज किया गया है।

# तीन दिन में 100 से अधिक मरीजों का पंजीयन, एमआरआई भी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

डिमरापाल में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का हैदराबाद का कॉन्टिनेंटल ग्रुप संचालन कर रहा है। लगभग 240 करोड़ रुपए की लागत से बने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 16 फरवरी से ट्रायल में चल रहा है। तीन दिनों में हॉस्पिटल के ओपीडी में लगभग 100 से अधिक मरीजों का पंजीयन किया गया। 52 मरीजों का एमआरआई, सीटी स्केन किया गया। दो मरीजों की एमआरआई का शुल्क लिया गया शेष 50 मरीजों का आयुष्मान कार्ड एवं बीपीएल से निःशुल्क किया गया। साथ ही पंजीयन भी फ्री में किया गया। बताया जा रहा है कि सितंबर माह में कॉन्टिनेंटल ग्रुप ने शासन के साथ ⏭ शेष पेज 10 पर

- ट्रायल में चल रहा 240 करोड़ का सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल



#### औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया

सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के एचओडी प्रभारी इंद्रजीत साहा ने बताया कि 240 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी ने नए बिल्डिंग में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी जैसे विशेषज्ञ विभाग बनवाने एवं इनके विशेषज्ञों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन बताया है। सभी के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करने जो औपचारिकताएं होंगी, उसे पूरा किया जाएगा। ओपीडी, आईसीयू, इमरजेंसी और डायग्नोस्टिक सेवा की तकनीकी सुविधाएं बहाल की जाएंगी।




## खबर संक्षेप

### 20 फरवरी को ग्राम पंचायतों में लगेंगी चौपाल

**जगदलपुर।** जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 20 फरवरी को ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाई जाएंगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा के द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत बकावण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष निरीक्षण एवं जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों को अलग-अलग पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिन्हें सुबह 10 बजे से अपने निर्धारित क्षेत्रों में उपस्थित रहकर अनिवार्य रूप से निरीक्षण कार्य प्रारंभ करना होगा। अधिकारियों का यह दल प्रत्यक्ष रूप से आंगनबाड़ियों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, उचित मूल्य की दुकानों और निमार्णाधीन कार्यों का जायजा लेगा। इस दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता और हर घर नल-जल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण की इस प्रक्रिया के बाद दोपहर 2 बजे से अधिकारी पंचायत भवनों में ग्रामीणों के साथ सीधे रूबरू होंगे और उनकी शिकायतों व समस्याओं पर चर्चा करेंगे। शाम 4 बजे जनपद मुख्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर करेंगे। इस महत्वपूर्ण अभियान की पूर्व सूचना ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए एक सप्ताह पहले से ही गांवों में मुनादी करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### लंबित मांग व समस्याओं पर दिया ज्ञापन

**जगदलपुर।** राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ, जगदलपुर द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांग एवं समस्याओं के संबंध में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज रायपुर को कार्यपालक निदेशक जगदलपुर क्षेत्र के माध्यम से प्रांतीय महासचिव विजय नाग की अध्यक्षता में ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एक अप्रैल 2004 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने, लंबित रिक्त पदों पर भर्ती, बस्तर भत्ता में वृद्धि, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, स्थानीय भर्ती पूर्ण कराये जाने एवं असंवैधानिक रूप से किये जा रहे पदोन्नति पर रोक लगाए जाने सहित 12 सूत्रीय मांगो के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा कर्मचारियों को नियमानुसार सभी सेवा लाभ प्रदान करने की मांग की गई। संघ ने प्रबंधन से कर्मचारियों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा की है। ज्ञापन सौंपे जाने में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष जगदलपुर क्षेत्र विष्णु मरकाम, सचिव योगेंद्र कश्यप, कोषाध्यक्ष डीएस कतलाम, उपाध्यक्ष अरविन्द खोबरागाड़े, विनोद टंडन, कार्यालय सचिव बीरबल ध्रुव, सदस्य पीके अग्रवाणी, एनके मांझी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### जन चौपाल के जरिये भाजपा कर रही जनता से संवाद



**जगदलपुर।** शहरी क्षेत्र के बालाजी शक्ति केन्द्र, अटल बिहारी बाजपेयी शक्ति केन्द्र व प्रवीरचंद्र भंजदेव शक्ति केन्द्र में जन चौपाल लगायी गयी। वक्ताओं में योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, आर्येन्द्र आर्य, नरसिंह राव, राजेन्द्र बाजपेयी, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने संबोधन दिया और केन्द्रीय बजट 2026-27 व विकसित भारत जी राम जी योजना की विस्तार से जानकारी जन चौपाल में आमजन के समक्ष रखी। कार्यक्रम का संचालन शशिनाथ पाठक, संतोष बाजपेयी, संजय चंद्राकर ने किया। आभार प्रदर्शन योगेश ठाकुर, किरण दीवान व दशरथ गुप्ता ने किया।

# खेल-खेल में बच्चों ने सीखी मानसिक मजबूती की बारीकियां

**प्रयास आवासीय विद्यालय में जीवन कौशल और तनाव प्रबंधन पर विशेष सत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के मन से परीक्षा की तैयारी को लेकर होने वाले मानसिक तनाव को दूर करने और मानसिक तौर पर मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जगदलपुर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आयोजित जागरूकता सत्र में किताबी ज्ञान से इतर व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से जीवन जीने की कला सिखाई गई। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और स्पर्श क्लिनिक के विशेषज्ञों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई रोचक और मनोरंजक गतिविधियों का सहारा लिया गया, जिससे सत्र का वातावरण अत्यंत जीवंत और उत्साहजनक बन गया।

कार्यशाला के दौरान चाइनीज व्हिस्पर जैसे खेल के माध्यम से छात्रों को प्रभावी संवाद और संचार कौशल का महत्व समझाया गया।



### बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा

सत्र के अंत में कक्षा 9वीं की छात्रा लतिका आचार्य सहित अन्य विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल-खेल में मिली इस शिक्षा ने जीवन के प्रति उनका नजरिया बदल दिया है। विद्यार्थियों ने यह अनुभव साझा किया कि अब वे परीक्षाओं के दबाव और दैनिक जीवन की चुनौतियों को धैर्य और सही रणनीति के साथ संभालने में अधिक सक्षम महसूस कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है, जिससे न केवल बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि उन्हें एक खुशहाल और तनावमुक्त शैक्षणिक जीवन जीने की नई प्रेरणा भी मिली है।

इस खेल के जरिए बच्चों ने सीखा कि किस तरह जानकारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचते-पहुंचते बदल जाती है और जीवन में स्पष्ट संवाद क्यों आवश्यक है। वहीं, सकारात्मक और नकारात्मक सोच के प्रभाव को समझाने के लिए गुब्बारे फुलाने की एक विशेष गतिविधि कराई गई। इसमें बच्चों को यह बोध कराया गया कि सकारात्मक विचार किस तरह हमारे व्यक्तित्व का विस्तार करते हैं, जबकि नकारात्मकता हमें मानसिक रूप से कमजोर कर सकती है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चिकन डांस जैसी गतिविधियां रहीं, जिन्होंने छात्रों के बीच के संकोच को दूर कर उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी का अनुभव कराया। इन गतिविधियों के माध्यम से विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन के गुर सिखाते हुए बताया कि खेल और रचनात्मकता किस तरह मानसिक बोझ को हल्का करने में सहायक होते हैं। सामुदायिक नर्सिंग अधिकारी रूपेश मसीह और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट आकाश मिंज ने बताया कि छात्रावास में रहने वाले बच्चों के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त करना बेहद जरूरी है। इन खेलों ने बच्चों को एक ऐसा सुरक्षित मंच प्रदान किया जहां वे अपनी छोटी-बड़ी उलझनों को साझा कर सके।

## जय मां दंतेश्वरी की पावन नगरी में धर्मध्वजा का अभिनंदन

# मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयघोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी की आराधना नगरी जगदलपुर में बुधवार को सनातन आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब निरंजन अखाड़ा के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर

- प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी का आत्मीय स्वागत

स्वामी कैलाशानंद गिरी प्रवास पर दंतेवाड़ा से जगदलपुर पहुंचे। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर उनके आगमन के साथ ही वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के घोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं, सनातन धर्मावलंबियों, भाजपा पदाधिकारियों और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने पुष्पगुच्छ



अर्पित कर तथा चरण वंदन कर उनका अभिनंदन किया।

उनके साथ वन मंत्री केदार कश्यप, वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल और हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी आए। एयरपोर्ट से काफिला लालबाग में पुलक भट्टाचार्य के निवास पर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और जयघोष के बीच स्वामी जी को विशेष सिंहासन पर विराजित कराया गया। पारंपरिक रीति से पादप्रक्षालन कर, माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र अर्पित कर उनका सत्कार किया गया। वहां उन्होंने विभिन्न सनातनी हिंदू समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से आत्मीय संवाद भी किया। लगभग आधे घंटे के प्रवास उपरांत वे चार्टर विमान से रायपुर के लिए रवाना हुए। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंहदेव, महापौर संजय पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, पुलक भट्टाचार्य, उमाशंकर शुक्ला, शंकर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### धर्मसंस्कृति के गौरवपूर्ण क्षण

मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर स्वामी कैलाशानंद गिरी के आगमन के साथ श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष से स्वागत किया, तत्पश्चात पुष्पगुच्छ अर्पित कर चरण वंदन किया गया। एयरपोर्ट लाउंज में जनप्रतिनिधियों और संत-समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया।

## चित्रकोट महोत्सव में नृत्य की प्रस्तुति...



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के चित्रकोट में बुधवार को दो दिवसीय चित्रकोट महोत्सव का शुभारंभ वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव तथा विधायक चित्रकोट विनायक गोयल की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शहर की कत्थक नृत्यांगना निधि रावल ने नृत्य की प्रस्तुति दी। महोत्सव का समापन गुरुवार को होगा।

# विश्व मानव विज्ञान दिवस पर व्याख्यान, अंडमान-निकोबार की जनजातीय दुनिया पर केंद्रित चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व मानव विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन सभागार में इंडिजेनस वर्ल्डस ऑफ द अंडमान एंड निकोबार आईसलैंडः एन एंथ्रोपोलॉजिकल

- मानव विज्ञान केवल जनजाति नहीं, संपूर्ण मानव समाज का अध्ययन

पर्सपेक्टिव विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मानव विज्ञान के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई।

भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण संस्थान, जगदलपुर के सुपरिटेंडिंग एंथ्रोपोलॉजिस्ट डॉ पीयूष रंजन साहू ने कहा कि मानव विज्ञान केवल जनजातीय समुदायों तक सीमित



नहीं, बल्कि समस्त मानव समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और जैविक पहलुओं का समग्र अध्ययन है। जनजातीय अध्ययन को वरीयता इसलिए दी जाती है क्योंकि ये समुदाय संघर्षपूर्ण जीवन जीते हैं। उन्होंने बताया कि शोध में फील्ड वर्क, ऑब्जर्वेशन, प्राइमरी डाटा संकलन, स्क्रेच नोट, हेड नोट और फील्ड डायरी अनिवार्य हैं। शोधार्थियों को बॉडी लैंग्वेज और संवेदनशील दृष्टिकोण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ साहू ने बताया कि विश्व में लगभग पाँच हजार जनजातीय समुदाय हैं, जिनमें से 750 भारत में निवासरत हैं। उन्होंने अंडमान-निकोबार के 572 द्वीपों में से 72 पर मानव निवास, 1789 में अंग्रेजों के आगमन, 1859 के संघर्ष, पीवीटीजीएस एवं पीएटी प्रावधानों का उल्लेख करते हुए बस्तर की मिश्रित संस्कृति को शोध के लिए उपयुक्त बताया। स्वागत उद्बोधन विभागाध्यक्ष प्रो स्वपन कुमार कोले ने दिया, जबकि आभार प्रदर्शन सह प्राध्यापक डॉ सुकृता तिर्की ने किया। संचालन डॉ लखन लाल विश्वकर्मा ने किया।

# भारत को शक्तिशाली, समृद्धशाली, आत्मनिर्भर व विश्वगुरु बनाना भाजपा का लक्ष्य : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विवेकानन्द शक्ति केन्द्र में बुधवार को जन चौपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य भारत को

- विवेकानन्द शक्ति केन्द्र की जन चौपाल में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

शक्तिशाली, समृद्धशाली, आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाना है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है और वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है तथा विकसित भारत जी राम जी



योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने वाली योजना है। दो वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादे पूरे किए हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए, हर पंचायत में औसतन 300 मकान बन रहे हैं और 10 लाख से अधिक परिवारों का गृह प्रवेश हो चुका है। छत्तीसगढ़ में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से हो रही है तथा होली से पहले 25.24 लाख किसानों के खातों में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अंतर राशि जमा की जाएगी। 'महतारी वंदन योजना' के तहत 70 लाख से अधिक माताओं को प्रति माह 1000 रुपये दिए जा रहे हैं, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये पारिश्रमिक और भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपये वार्षिक सहायता दी जा रही है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम का संचालन पूर्वी नगर मंडल महामंत्री संतोष बाजपेयी ने किया व आभार प्रदर्शन पूर्वी नगर मंडल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने किया। जन चौपाल में से श्रीधर ओझा, जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र आर्य, नरसिंह राव, पूर्वी नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, दिगम्बर राव, मीना साहू, गीता नाग, योगेश मिश्रा, राजा यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर, किरण दीवान, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव, राममूर्ति पाण्डेय, अप्पल नायडू, अभय दीक्षित, यशवर्धन राव, राधा बघेल, नीलम यादव, डाकेश्वरी पाण्डेय, अजय बैरागी, रेखा सिंह, विद्या सिंह, अनुष्का साहू, लक्ष्मी कश्यप, शंकर राव, शोभा रानी, चंद्र मौली राव, प्रभात चौहान, ब्रम्हा नंद द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, खलील खान सहित कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणित का महाकुंभ

# प्रतिभाओं ने बिखेरा कौशल का उजास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 16 एवं 17 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय गणित दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद

- आठ महाविद्यालयों की उत्साही भागीदारी रही

(सीसीओएसटी), रायपुर के तत्वावधान एवं प्रायोजन में संपन्न हुआ। दो दिवसीय आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना, तार्किक एवं रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना तथा गणित को दैनिक जीवन से जोड़कर सरल और रोचक रूप में प्रस्तुत करना रहा।

कार्यक्रम में लगभग आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण, मॉडल प्रदर्शनी, क्विज, रंगोली, निबंध



लेखन, मानसिक गणित एवं फोटोग्राफी जैसी विविध प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आकर्षक मॉडल, सृजनात्मक पोस्टर और सजीव रंगोलियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने गणित की उपयोगिता और इसकी व्यापकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

17 फरवरी को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ वर्षा करंज गांवकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को उत्कृष्ट मैथमेटिशियन की आवश्यकता है और गणित का योगदान जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डॉ अनुराग दीक्षित एवं डॉ रवि द्विवेदी ने गणित और एस्ट्रोलॉजी के संबंधों पर रोचक व्याख्यान देते हुए बताया कि गणित केवल संख्याओं तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति, निर्णय प्रक्रिया और दैनिक जीवन की हर गतिविधि में समाहित है।

समारोह में 16 फरवरी को आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किकता और रचनात्मकता का संचार किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव गुहे ने सभी प्रतिभागियों, प्राध्यापकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### प्रतियोगिता परिणाम मॉडल कालेज प्रथम

क्विज प्रतियोगिता में लोकेश यादव (मॉडल कॉलेज) प्रथम, आदित्य प्रजापति (एसएमकेवीबस्तर) द्वितीय और तेजस्विनी शिंदे (क्राइस्ट कॉलेज) तृतीय रहे। रंगोली में साक्षी नेताम एवं दल (क्राइस्ट कॉलेज) प्रथम तथा रोहित नेताम एवं दल (मॉडल कॉलेज) द्वितीय स्थान पर रहे। निबंध लेखन में अमन गोल्डार (मॉडल कॉलेज) प्रथम और ए महाराजेश्वरी (एसएमकेवी) द्वितीय रहीं। मॉडल प्रदर्शनी में साक्षी नेताम एवं पलक कश्यप (क्राइस्ट कॉलेज) प्रथम रहीं। पोस्टर प्रस्तुति में भूमिका मंडावी एवं राजेंद्र प्रसाद (नवीन महाविद्यालय, लोहंडीगुड़ा) प्रथम रहे। मेंटल मैथ चैलेंज में सोनूलाल (मॉडल कॉलेज) और फोटोग्राफी में तुषार कुमार भालेंद्र (क्राइस्ट कॉलेज) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### टेलीफोन अदालत-कम-ओपन हाउस 27 को

**जगदलपुर।** दूर संचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र जिला कांकेर, बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोंडागांव के समस्त उपभोक्ताओं के लिए 27 फरवरी को 11 बजे प्रधान महाप्रबंधक दूर संचार जिला बस्तर जगदलपुर के कार्यालय में टेलीफोन अदालत-कम-ओपन हाउस लगाना प्रस्तावित है। अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग सम्बन्धी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई हो ऐसे प्रकरण भेजे जा सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411